विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–15 का उत्तरालेख

| प्रश्न संख्या | अतारांकित प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 15(क) | क्या रेशम उद्योग मंत्री बतायेंगे कि जनपद -सीतापुर के मिश्रिख तहसील में रेशम उद्योग के किसानों को संसाधनों के अभाव में रेशम की खेती करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? | जी नही, आवेदन के आधार पर जनपद-सीतापुर में सिल्क समग्र योजनान्तर्गत वर्ष 2019-20 में 10,वर्ष 2021-2022 में 05, वर्ष 2022-23 में 15, कुल 30 रेशम उत्पादन के किसानों को उपलब्ध बजट की सीमान्तर्गत संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं, जिसमें वर्ष 2019-20 में 01 लाभार्थी मिश्रिख क्षेत्र का है। सिल्क समग्र योजना वर्ष 2023-24 में जनपद सीतापुर के 50 किसान जिसमें 10 किसान मिश्रिख तहसील के हैं, को संसाधन उपलब्ध कराये जाने हेतु लाभार्थी का चयन किया गया है। |
| (ख) | यदि हॉं, तो क्या उक्त समस्या के समाधान हेतु जरुरी संसाधन उपलब्ध करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) | यदि हॉं तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं ,तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

(राकेश सचान)

मंत्री